| म.प्र. मदरसा बोर्ड, भोपाल | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| सत्र दिसम्बर 2025 में परीक्षा आवेदन करने हेतु अधिकृत अध्ययन केन्द्रों की सूची | | | | | |
| S.No. | Code | Study_Center_Name | District | Coordinator | MobileNo |
| 1 | 0501 | मदरसा अल उस्मानिया, म.न. 60, शारदा नगर 60 शारदा नगर, नारियल खेड़ा, वार्ड न. 12 ब्लाक - फन्दा तहसील - हुजुर जिला भोपाल | भोपाल | श्री अब्दुल बासित | 9229602930 |
| 2 | 0502 | मदरसा सज्जाद मेमोरियल (शोबा ए दीनियात) बढ़ाई पूरा इमामी गेट वार्ड न. 21, ब्लाक - फन्दा तहसील - हुजुर जिला भोपाल | भोपाल | श्री सादिक हसन | 9303134633 |
| 3 | 0505 | मदरसा दीनियात फादेहा, इंद्रा नगर पुतली घर, वार्ड न. 14, ब्लाक - फन्दा तहसील - हुजुर, जिला भोपाल | भोपाल | श्री कफील एहमद | 9303114670 |
| 4 | 0512 | मदरसा नेसेंट दीनियात तालीमी, 38, श्रमदान रोड, बरखेड़ी, वार्ड न. 35, ब्लाक - फन्दा तहसील - हुजुर, जिला भोपाल | भोपाल | श्री मोहम्मद सुहेब कुरेशी | 9300612709 7999964859 |
| 5 | 0529 | मदरसा आला तालीम, म.न. 60 अपना घर अपार्टमेन्ट हाउसिंग बोर्ड करोंद, वार्ड न. 74, ब्लाक - फन्दा तहसील - हुजुर, जिला भोपाल | भोपाल | श्री अफसर खान | 9300930311 |
| 6 | 0545 | नोबल को-एज्यूकेशन, सेन्ट्रल लाईब्रेरी के सामने इतवारा रोड, वार्ड न. 19, ब्लाक - फन्दा तहसील - हुजुर, जिला भोपाल | भोपाल | श्री मोहम्मद जुबैर खान | 9893755786 |
| 7 | 0711 | सागर मान्टेसरी स्कूल, 18/12 अमरपुरा गंदा नाला वार्ड न. 27, ब्लाक व तहसील - उज्जैन, जिला उज्जैन | उज्जैन | श्री अशफाक उद्दीन | 9479630016 |
| 8 | 0712 | तालीम एकेडमी, सुरैन्द्र मार्ग ईदगाह रोड, वार्ड न. 13, ब्लाक व तहसील - महीदपुर, जिला उज्जैन | उज्जैन | शाहीना कुरैशी | 8871393949 |
| 9 | 1306 | अल जुबैर, जागीरदार गेट दाऊदपुरा, सब्जी मंडी पॉवर हाउस रोड, बुरहानपुर | बुरहानपुर | श्री सय्यद मोईन उद्दीन | 9827240850 |
| 10 | 1403 | अल खदीजा मदरसा अहले सुन्नत, तालाब रोड, वार्ड न. 40, ब्लाक - बैढन तहसील - सिंगरौली, जिला सिंगरौली | सिंगरौली | रेहाना सिद्दीकी | 9174123274 7000301989 |
| 11 | 1902 | अनवारे इस्लामिक एजुकेशन, गांधी वार्ड दीवान महल के पीछे सिवनी, गांधी वार्ड, ब्लाक व तहसील - सिवनी, जिला सिवनी | सिवनी | श्रीमती शबीना अफ़रोज | 9479471053 |
| 12 | 1904 | मदरसा ख्वातीन तहजीबुल इख़लाख कमेटी, बडी मस्जिद के पास, ध्यानचंद वार्ड, ब्लाक व तहसील - सिवनी, जिला सिवनी | सिवनी | श्रीमती सालेहा बेगम | 9479505611 |
| 13 | 3009 | मदरसा नूरुल इस्लाम निस्वां अरबिया, गवोईपुरा, तिपट्टा बाजार, वार्ड न. 06, ब्लाक - सांची, तहसील व जिला रायसेन | रायसेन | श्रीमती फहीमा शेहजाद | 9826953741 |
| 14 | 3011 | मदरसा अलजामे अतुस्सालेहात सूफिया नूरी, बडापुरा मिडिल स्कूल के पास, वार्ड न. 07, ब्लाक व तहसील - बैगमगंज, जिला रायसेन | रायसेन | डॉ. तनवीर आलम कादरी | 9425653090 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 15 | 3309 | मदरसा मोहम्मदिया, मोहम्मद ताहिर जुन्नारदेव, वार्ड न. 07, ब्लाक व तहसील - जामई, जिला छिन्दवाडा | छिन्दवाडा | हैदर कुरेशी | 9424648632 |
| 16 | 2906 | मदरसा अल्लामा इकबाल मेमोरियल एजुकेशन, 108 नौशराबाद कॉलोनी, वार्ड न. 06, ब्लाक व तहसील - देवास, जिला देवास | देवास | श्रीमती शबनम खान | 9826281283 |
| 17 | 0122 | मदरसा सानिया, 123 नई खिजराबाद कॉलोनी खजराना, वार्ड न. 39, ब्लाक व तहसील - इंदौर, जिला इंदौर | इंदौर | श्री नईम सिद्दीकी | 9425072046 |
| 18 | 0123 | मदरसा जामिया आयशा रदै. केयरवेल गर्ल्स माडल मदरसा, स्कीम नंबर 71 धार रोड, वार्ड न. 69, ब्लाक व तहसील - इंदौर, जिला इंदौर | इंदौर | श्री ज़हीर अहमद | 7999483435 |
| 19 | 0818 | मदरसा इकरा इस्लामिक इंस्टिट्यूट, मौलाना वार्ड न. 7, पंचमपुरा मदार गेट के पास, कटंगी तहसील पाटन, जबलपुर जिला जबलपुर | जबलपुर | नाज़िश मनतशा | 9981057765<br>6268972267 |

# मध्य प्रदेश मदरसा बोर्ड

"तालीम घर" इस्लामी गेट, शाहजहांनाबाद, भोपाल - 462001

क्रमांक / म.प्र.म.बो. / परीक्षा / 2025 / 996 भोपाल, दिनांक 17/1/25

प्रति,

समस्त मान्यता प्राप्त अध्ययन केन्द्र संचालक,
मध्यप्रदेश मदरसा बोर्ड।

विषय :— कक्षा 10वीं एवं 12वीं की आगामी परीक्षा 2025 हेतु परीक्षा आवेदन भरने की तिथि घोषित करने बाबत।

---

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि म.प्र. मदरसा बोर्ड की हाई स्कूल एवं हायर सेकण्डरी (उर्दू माध्यम) परीक्षा दिसम्बर 2025 हेतु परीक्षा आवेदन पत्र भरने की सुविधा 20 जनवरी 2025 से 31 मार्च 2025 तक एम.पी. ऑनलाइन पोर्टल पर G2G के माध्यम से उपलब्ध रहेगी। 10 अप्रैल 2025 तक आवेदन पत्रों में त्रुटि सुधार किया जा सकता है। ऑनलाइन आवेदन के पश्चात् 15 अप्रैल 2025 तक परीक्षा आवेदन सह–पत्रों (क्रेडिट अन्य मण्डल की मूल अंकसूची, अंकसूची का सत्यापन एवं अन्य दस्तावेज़) सहित कार्यालय मदरसा बोर्ड को प्राप्त होना अनिवार्य है।

अध्ययन केन्द्रों / छात्रों को निर्देशित किया जाता है कि आवेदन पत्र भरने से पूर्व बोर्ड द्वारा जारी दिशा निर्देशों का भलिभांति अवलोकन कर लें जिससे की आवेदन पत्रों में किसी प्रकार की त्रुटि न हो। दिशा निर्देश इस पत्र के साथ संलग्न हैं एवं मदरसा बोर्ड की वेबसाइट mpmb.org.in पर भी उपलब्ध हैं। किसी भी प्रकार की त्रुटि / कमी होने अथवा मूल आवेदन सह–पत्रों सहित प्राप्त न होने, कक्षा 10वीं एवं 12वीं में निर्धारित 18 माह का अंतराल न होने पर आवेदन निरस्त करने की कार्यवाही की जावेगी जिसके जिम्मेदार आप स्वयं होंगे। निरस्त आवेदन पत्रों के शुल्क की वापसी एवं समायोजन किसी भी दशा में नही किया जावेगा। 10वीं 12वीं की ऑनलाइन किताबें मध्य प्रदेश मदरसा बोर्ड की वेबसाइट mpmb.org.in पर उपलब्ध हैं। अध्ययन केन्द्रों / छात्रों को वेबसाइट पर उपलब्ध परीक्षा सामग्री से ही अध्ययन कराना / करना होगा। पृथक से पाठ्यपुस्तकें उपलब्ध नहीं कराई जावेंगी।

*संलग्न :— <u>दिशा–निर्देश।</u>*

(देवभूषण प्रसाद)
सचिव, म.प्र. मदरसा बोर्ड,
एवं अपर संचालक राज्य शिक्षा
केन्द्र म.प्र. भोपाल

पृ.क्रमांक / म.प्र.म.बो. / परीक्षा / 2025 / 997 भोपाल, दिनांक 17/1/25

प्रतिलिपि :—

(01) आयुक्त, जन संपर्क संचालनालय म.प्र. भोपाल की ओर प्रकाशन हेतु सादर प्रेषित।

(02) समस्त जिला शिक्षा अधिकारी म.प्र. की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

(03) समस्त मदरसा प्रभारी, म.प्र. की ओर सूचनार्थ भेजकर लेख है कि जिन जिलों में मदरसा बोर्ड के कक्षा 10वीं एवं 12वीं के अध्ययन केन्द्र नहीं हैं उक्त जिलों के सुव्यवस्थित मदरसे से संपर्क कर अध्ययन केन्द्र बनाए जाने हेतु प्रेरित करें।

(04) चीफ ऑपरेटिंग आफीसर, एम. पी. ऑनलाईन, निरुपम शॉपिंग मॉल, होशंगाबाद रोड, भोपाल की ओर भेजकर लेख है कि कृपया एम.पी. ऑनलाइन पोर्टल पर निर्धारित तिथियों में ऑनलाइन आवेदन करने की सुविधा प्रदान करने का कष्ट करें।

सचिव
म.प्र. मदरसा बोर्ड,
भोपाल

सचिव
म. प्र. मदरसा बोर्ड
भोपाल

दूरभाष : परीक्षा कक्ष : 0755-2737362, मान्यता कक्ष: 0755-2735931, 0755-2731437, वेबसाइट: www.mpmb.org.in, ई मेल: mpmadarsaboard@gmail.com (S)

# मध्य प्रदेश मदरसा बोर्ड

" तालीम घर " इस्लामी गेट, शाहजहांनाबाद, भोपाल - 462001

क्रमांक / म.प्र.म.बो. / परीक्षा / 2025 / 995 भोपाल, दिनांक 17/1/25

प्रति,

समस्त मान्यता प्राप्त अध्ययन केन्द्र संचालक
म.प्र. मदरसा बोर्ड,
भोपाल।

विषय :— हाई स्कूल एवं हायर सेकण्डरी परीक्षा के ऑनलाइन आवेदन भरने हेतु आवश्यक दिशा–निर्देश।

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि म.प्र. मदरसा बोर्ड की हाई स्कूल एवं हायर सेकण्डरी परीक्षाओं के परीक्षा आवेदन पत्र ऑनलाइन भरने के लिए निर्देशों की जानकारी से आपको अवगत कराया जा रहा है। परीक्षा में छात्रों को सम्मिलित कराने हेतु निम्नांकित बिन्दुओं का विशेष ध्यान रखें:–

म.प्र. मदरसा बोर्ड की हाई स्कूल एवं हायर सेकण्डरी परीक्षा उर्दू माध्यम में आयोजित की जाती है। आवेदन करने वाले छात्र की कक्षा 05वीं / 08वीं / 10वीं / 12वीं (कोई एक) पूर्व अंकसूची में उर्दू विषय होना अनिवार्य है। जो छात्र कक्षा 10वीं में जन्म प्रमाण पत्र के आधार पर सम्मिलित होना चाहते हैं अथवा जिन छात्रों की पूर्व अंकसूची में उर्दू विषय नही है ऐसे सभी छात्रों को उर्दू लिखने पढ़ने का ज्ञान होने का शपथ पत्र नोटरी कराकर प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

परीक्षाओं की विभिन्न योजनाओं (सामान्य, प्लेन, क्रेडिट, पूर्व क्रेडिट, आंशिक, हाई स्कूल मौलवी, हायर सेकण्डरी आलिम) निम्नानुसार हैं :

| | | |
|---|---|---|
| 1 | प्लेन | **हाई स्कूल एवं हायर सेकण्डरी परीक्षा में प्रथम बार सम्मिलित होने हेतु विषय सूची में से 05 विषय का चयन करना होगा, दो भाषा एवं 03 अन्य विषय** Two languages (1. Urdu Complsory 2. Hindi or English or Arabic) + Three Other Subject |
| 2 | क्रेडिट | **माध्यमिक शिक्षा मण्डल से मान्यता प्राप्त बोर्ड/मण्डल से अनुत्तीर्ण छात्र तथा म.प्र. मदरसा बोर्ड के पूर्व छात्र जो 9 परीक्षा सत्र के पश्चात भी अनुत्तीर्ण होंगे वह इस योजना (क्रेडिट) में आवेदन करेंगे।** (Total Five Subject : Two Languages (any) + Three other Subject) |
| P-2 | पूर्व क्रेडिट | **म.प्र. मदरसा बोर्ड के अनुत्तीर्ण छात्रों हेतु। पूर्व मैं प्लेन/क्रेडिट योजना के अंतर्गत सम्मिलित अनुत्तीर्ण छात्र अपने अनुत्तीर्ण विषयों मैं 9 परीक्षा सत्र तक इस योजना (पूर्व क्रेडिट) मैं आवेदन करेंगे।** |
| 3 | आंशिक | **हाई स्कूल/हायर सेकण्डरी उत्तीर्ण करने के पश्चात किसी विषय विशेष की अतिरिक्त परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु।** maximum 4 Subject |
| 4 | हाई स्कूल मौलवी | **कक्षा 10वीं के साथ धार्मिक विषय लेकर मौलवी की परीक्षा देने हेतु (कक्षा 10वीं के अनिवार्य 05 विषयों के साथ मौलवी के विषय कोड 406, 407, 408, 409 लेना होंगे)** |
| | हायर सेकण्डरी आलिम | **कक्षा 12वीं के साथ धार्मिक विषय लेकर आलिम की परीक्षा देने हेतु (कक्षा 12वीं के अनिवार्य 05 विषयों के साथ आलिम के विषय कोड 506, 507, 508, 509 लेना होंगे)** |

## ऑनलाइन आवेदन करने हेतु निर्देश

1. 10वीं प्लेन/मोलवी का आवेदन करने हेतु कक्षा 5वीं/8वीं उत्तीर्ण/अनुत्तीर्ण एवं 10वीं अनुत्तीर्ण की मूल अंकसूची या जन्म प्रमाण पत्र (नगर निगम, नगर पालिका, ग्राम पंचायत द्वारा जारी) इनमे से कोई एक होना अनिवार्य है जिसमें छात्र की जन्म तिथि, नाम, पिता, माता का नाम सही अंकित हो। यदि पहले पेज पर सम्पूर्ण जानकारी न हो तो दोनों और से (Both Side) स्कैन कर PDF फ़ाइल में अपलोड की जाए। Black/Colour फोटो कापी का स्कैन मान्य नहीं होगा। मूल अंकसूची/ जन्म प्रमाण पत्र ही स्कैन कर अपलोड कराएं।
2. 12वीं के फॉर्म में प्लेन/आलिम योजना हेतु माध्यमिक शिक्षा मण्डल से मान्यता/समकक्षता प्राप्त 10वीं उत्तीर्ण होना आवश्यक है साथ ही कक्षा 10वीं उत्तीर्ण होने की तिथि से न्यूनतम 18 माह का अंतराल होना आवश्यक है। 10वीं पास की मूल अंकसूची को दोनों और से (Black/Colour) स्कैन कर PDF फाइल में अपलोड करना अनिवार्य है। स्कैन करने के उपरांत आवेदन के साथ

कक्षा 10वीं की मूल अंकसूची का संबन्धित मण्डल से सत्यापन प्रमाण पत्र डाक से भेजना अनिवार्य होगा उक्त के आभाव में आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

3. 10वीं एवं 12वीं के क्रेडिट छात्रों की मूल अंकसूची दोनों और से (Both Side) स्कैन कर PDF फ़ाइल में अपलोड की जाए। Black/Colour फोटोकोपी का स्कैन मान्य नहीं होगा। मूल अंकसूची ही स्कैन कर अपलोड कराएं। स्कैन करने के उपरांत आवेदन के साथ मूल अंकसूची एवं संबन्धित मण्डल से अंकसूची का सत्यापन प्रमाण पत्र डाक से भेजना अनिवार्य होगा उक्त के आभाव में आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। आवेदन पत्र में जो अंकसूची अपलोड की गई है उसी का सत्यापन कराकर भेजा जाए, और वही मूल अंकसूची सहपत्रों सहित डाक से भेजी जाए।

4. यदि छात्र पूर्व में मदरसा बोर्ड की परीक्षा में सम्मिलित हुआ है तो जून 2016 से पूर्व में पूरक/उत्तीर्ण/अनुतीर्ण की मूल अंकसूची के साथ ही आवेदन स्वीकार होगा। नेट की अंकसूची एवं उसकी छायाप्रती मान्य नहीं होगी।

5. यदि छात्र मदरसा बोर्ड जून 2016 के बाद का है तो नेट की अंकसूची मान्य होगी।

6. फोटो आइ.डी. (Voter card, Licence, Passport, Pan Card, Aadhar) इनमे से कोई एक जिसमें छात्र का स्पष्ट photo, नाम, पिता का नाम अंकित हो। यदि पहले पेज पर सम्पूर्ण जानकारी न हो तो दोनों और से (Both Side) स्कैन कर PDF फ़ाइल में अपलोड करना अनिवार्य है। Black/Colour फोटोकोपी का स्कैन मान्य नहीं होगा। मूल फोटो आइ.डी. ही स्कैन कर अपलोड कराएं।

7. छात्र के कलर फोटो पर नाम एवं दिनांक तथा फोटो के नीचे छात्र के हस्ताक्षर अंकित होना चाहिए। नवीनतम फोटो ही मान्य होगा।

8. पूर्व क्रेडिट योजना के अंतर्गत 9 चान्स पूरे होने पर छात्र को क्रेडिट योजना के अंतर्गत फ़ॉर्म भरना होगा। वर्ष 2018 से पूर्व के सभी छात्र क्रेडिट योजना के अंतर्गत आवेदन करें। क्रेडिट योजना का उल्लेख परीक्षा संबंधी नियम में स्पष्ट है। इसी प्रकार प्रत्येक सत्र में एक वर्ष कम होता जाएगा।

9. एम.पी. बोर्ड के जो विषय मदरसा बोर्ड मैं उपलब्ध नहीं है उक्त के स्थान पर विषय परिवर्तन कर छात्र को मदरसा बोर्ड मैं उपलब्ध विषय लेना होंगे।

10. आंशिक योजना के अंतर्गत फ़ॉर्म भरने वाले छात्र यदि 10वीं उत्तीर्ण करने के उपरांत आंशिक विषय की परीक्षा देना चाहते है तो 10वीं उत्तीर्ण की मूल अंकसूची तथा यदि 12वीं उत्तीर्ण करने के उपरांत आंशिक विषय की परीक्षा देना चाहते है तो 12वीं उत्तीर्ण की मूल अंकसूची को दोनों और से (Both Side) स्कैन कर PDF फ़ाइल मैं अपलोड करना अनिवार्य है। Black/Colour फोटोकोपी का स्कैन मान्य नहीं होगा। मूल अंकसूची ही स्कैन कर अपलोड कराएं। स्कैन करने के उपरांत आवेदन के साथ संबन्धित मण्डल से अंकसूची का सत्यापन प्रमाण पत्र डाक से भेजना अनिवार्य होगा उक्त के आभाव में आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। आवेदन पत्र में जो अंकसूची अपलोड की गई है उसी का सत्यापन कराकर डाक से भेजा जाए ।

11. किसी भी प्रकार की त्रुटि के कारण निरस्त किए गए फॉर्म का परीक्षा शुल्क न ही वापस किया जाएगा न आगामी वर्षों की परीक्षा में समायोजित किया जाएगा एवं उक्त आवेदन पत्रों के फावर्डिंग शुल्क का भुगतान भी नही किया जावेगा अतः पूर्ण सावधानी एवं ज़िम्मेदारी से फॉर्म भरें भुगतान से पूर्व फॉर्म को सावधानी पूर्वक चेक कर लें।

12. छात्र एवं अध्यन केंद्र संचालक की और से प्रस्तुत मेनुअल आवेदन पत्र में नियत स्थान पर छात्र का फोटो चस्पा कर हस्ताक्षर एवं सील सहित प्रमाणीकरण के उपरांत मूल प्रति में अपलोड की जाना है। उक्त के आभाव मैं फॉर्म submit नहीं होगा।

## ऑनलाइन आवेदन सहपत्रों सहित डाक से भेजने हेतु आवश्यक निर्देश :

1. आवेदन फार्म तभी मान्य होगा जब ऑनलाइन आवेदन पत्र के साथ मेनुअल आवेदन में निर्धारित स्थान पर मूल फोटो चस्पा कर, आवश्यक निम्न दस्तावेज संलग्न (पहचान पत्र, अंकसूची, इत्यादि) कर अध्ययन केन्द्र संचालक के माध्यम से सील सहित अग्रेषण/सत्यापित/हस्ताक्षर कराकर 07 दिवस में म.प्र. मदरसा बोर्ड "तालीम घर" शाहजहानाबाद भोपाल को रजिस्ट्रड डाक से प्राप्त हो जाना चाहिए, प्राप्त नही होने पर आवेदन फार्म निरस्त कर दिया जाएगा। जिसकी कोई सूचना नही दी जावेगी एवं

परीक्षा शुल्क किसी भी स्थिति में वापस अथवा समायोजन नही किया जावेगा एवं यह दावा भी मान्य नहीं होगा की उक्त की सूचना नहीं दी गई।

2. 10वीं प्लेन/मोलवी के फ़ॉर्म मैं जन्मतिथि के लिए 5वीं/8वीं उत्तीर्ण/अनुत्तीर्ण एवं 10वीं अनुत्तीर्ण की मूल अंकसूची या जन्म प्रमाण पत्र (नगर निगम, नगर पालिका, ग्राम पंचायत द्वारा जारी) इनमे से कोई एक जिसमें छात्र की जन्मतिथि, नाम, पिता, माता का नाम स्पष्ट अंकित हो। सत्यापित छायाप्रति भेजना अनिवार्य है।
3. 12वीं परीक्षा हेतु आवेदन करने वाले छात्रों को माध्यमिक शिक्षा मण्डल से मान्यता/समकक्षता प्राप्त 10वीं पास की अंकसूची की सत्यापित छायाप्रति लगाना अनिवार्य है एवं संबन्धित मण्डल से अंकसूची का सत्यापन प्रमाण पत्र लगाना अनिवार्य होगा उक्त के आभाव में आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।
4. 10वीं एवं 12वीं क्रेडिट स्कीम के अंतर्गत बेठने वाले छात्रों को पूर्व मण्डल की मूल अंकसूची का सत्यापन संबंधित बोर्ड/मण्डल से करवाना होगा, तथा मूल अंकसूची एवं संबन्धित मण्डल का सत्यापन प्रमाण पत्र आवेदन फार्म के साथ प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा उक्त के आभाव में आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। आवेदन पत्र में जो अंकसूची अपलोड की गई है उसी का सत्यापन कराकर भेजा जाए, और वही मूल अंकसूची सहपत्रों सहित डाक से भेजी जाए।
5. समस्त छात्रों को फोटो आइ.डी. की सत्यापित छायाप्रति भेजना अनिवार्य है।
6. ऑनलाइन आवेदन करते समय यदि किसी छात्र के आवेदन पत्र में कोई त्रुटि हो तो वह सही दस्तावेज की प्रमाणित प्रति सहित निर्धारित तिथियों में संशोधन कर सकते हैं। संशोधन हेतु शुल्क रूपये 100/- (व्यक्तिगत जानकारी में संशोधन) तथा विषय परिवर्तन हेतु विषय परिवर्तन आवेदन सहित प्रति विषय रूपये 100/- एवं क्योस्क का निर्धारित शुल्क रू. 60/- का भुगतान करना होगा। निर्धारित तिथि समाप्त होने के उपरांत किसी भी प्रकार का संशोधन म.प्र. मदरसा बोर्ड के स्तर पर नही किया जाएगा इसका संपूर्ण दायित्व छात्र/अध्ययन केंद्र का होगा भविष्य में किसी भी प्रकार का दावा मान्य नही होगा।
7. अध्ययन केन्द्र संचालक प्राप्त परीक्षा आवेदन पत्रों की स्क्रुटनी करके कवरिंग लेटर एवं रू. 100/- के स्टाम्प पर Undertaking सहित आवेदन पत्र जमा करेंगें। शपथ पत्र Undertaking पर स्पष्ट अंकित हो कि छात्रों की संपूर्ण जिम्मेवारी अध्ययन केन्द्र की होगी।
8. किसी भी समस्या के निराकरण हेतु छात्र को अपने अध्यन केंद्र से ही संपर्क करना होगा तथा अध्यन केंद्र समस्या के निराकरण हेतु सम्पूर्ण जानकारी सहित मदरसा बोर्ड से संपर्क करेंगे।
9. निराकरण नहीं होने पर यदि छात्र/अध्यन केंद्र संचालक न्यायालय की शरण में जाना चाहता है तो 15 दिवस पूर्व कार्यालय मदरसा बोर्ड को सूचना देना होगी। वाद-विवाद की स्थिति मैं न्यायालयीन क्षेत्र भोपाल रहेगा।
10. प्रत्येक वर्ष माह जनवरी में मदरसा अध्यन केंद्र का नवीनीकरण कराना अनिवार्य है। नवीनीकरण नहीं कराने पर ऑनलाइन आवेदन नहीं कर सकेंगे। माह दिसम्बर में नवीनीकरण हेतु आवेदन सशुल्क राशि रूपये 1000/- प्रति वर्ष के मान से बैंक ड्राफ्ट (सचिव, मध्य प्रदेश मदरसा बोर्ड के पक्ष में) सहपत्रों सहित भेजना अनिवार्य है। 30 दिसम्बर तक आवेदन न करने पर रूपये 100/- प्रति माह की दर से विलंब शुल्क लिया जाएगा। जिन अध्ययन केन्द्रों द्वारा गतवर्ष में अध्ययन केंद्र का नवीनीकरण नहीं कराया है, ऐसे अध्ययन केन्द्रों को नवीनीकरण हेतु शुल्क रूपये 3000/- जमा करने पर नवीनीकरण क़िया जावेगा।
11. अध्ययन केंद्र का नवीनीकरण नहीं कराने अथवा आवेदन पत्र/पत्रों की कमी पूर्ति नहीं करने पर अध्यन केंद्र की मान्यता समाप्त की जावेगी एवं छात्रों को परीक्षा में सम्मिलित नहीं किया जावेगा। तथा अध्ययन केंद्र को फार्वर्डिंग शुल्क का भुगतान नहीं किया जाएगा।
12. आवेदन पत्र में किसी भी प्रकार की कमी होने पर यदि छात्र को प्रवेश पत्र जारी हो जाता है और छात्र परीक्षा मैं शामिल भी हो जाता है तब भी प्रवेश निरस्त कर परीक्षा परिणाम रोका जा सकता है और अध्यन केंद्र/ छात्र पर कार्यवाही की जा सकती है।
13. परीक्षाओं का आयोजन, परीक्षा केंद्र का निर्धारण, परीक्षा परिणाम, अंकसूची मे संशोधन इत्यादि परीक्षा संबंधी समस्त कार्य, MPSOSEB के नियम एवं निर्देश अनुसार होंगे।
14. अध्ययन केंद्र संचालक अपना तथा दो अधिकृत व्यक्तियों का नवीनतम मोबाइल नंबर तथा ईमेल आईडी उपलब्ध कराएं। परिवर्तन की दशा में तत्काल कार्यालय को अवगत कराएं।

# मध्य प्रदेश मदरसा बोर्ड

" तालीम घर " इस्लामी गेट, शाहजहांनाबाद, भोपाल - 462001

15. 10वीं 12वीं की ऑनलाइन किताबें मध्य प्रदेश मदरसा बोर्ड की वेबसाइट mpmb.org.in पर उपलब्ध हैं। अध्ययन केन्द्रों/छात्रों को वेबसाइट पर उपलब्ध परीक्षा सामग्री से ही अध्ययन कराना/करना होगा। पृथक से पाठ्यपुस्तकें उपलब्ध नहीं कराई जावेंगी।

## सामान्यतः परीक्षा आवेदन भरने में निम्न कमियां पाई जाती हैं. जिसका विशेष ध्यान रखा जाए।

1. ऑनलाइन आवेदन एवं मेनुअल आवेदन में भरी गई जानकारी और संलग्न अंकसूची में अंकित जानकारी समान होना चाहिये। अंकसूची में छात्र का नाम, पिता का नाम, माता का नाम, जन्मतिथि स्पष्ट अंकित होना चाहिये। अंकसूची के ही विषय कोड एवं अंक आवेदन में होना चाहिये।
2. कक्षा 10वीं-12वीं क्रेडिट/कक्षा 12वी प्लेन/कक्षा 10वीं-12वीं आंशिक तीनो योजनाओं में संलग्न अंकसूची का पूर्व मण्डल से सत्यापन कराकर भेजना अनिवार्य है।
3. कक्षा 12वीं प्लेन योजना अंतर्गत प्रवेश लेने वाले छात्रों ने जिस बोर्ड/मण्डल से कक्षा 10वीं उत्तीर्ण की है उक्त बोर्ड/मण्डल को माध्यमिक शिक्षा मण्डल मध्यप्रदेश से मान्यता/समकक्षता होना अनिवार्य है।
4. क्रेडिट एवं पूर्व क्रेडिट योजना में विषय परिवर्तन करने पर विषय परिवर्तन का आवेदन एवं शुल्क अनिवार्य है। उक्त के आभाव में विषय परिवर्तन मान्य नही किया जावेगा।
5. महिला आवेदक यदि शादी शुदा है और उनकी अंकसूची में पिता का नाम अंकित है यदि वह पति का नाम आवेदन में अंकित करती हैं तो उन्हें विवाहिता का शपथ पत्र नोटरी कराकर प्रस्तुत करना होगा।
6. क्रेडिट / पूर्व क्रेडिट योजनांतर्गत माध्यमिक शिक्षा मण्डल के आदेशानुसार पूर्व में वर्ष 2019–2020 में कोविड-19 के कारण जो General Promotion पूर्व में मान्य कर उन विषयों को उत्तीर्ण मान्य किया गया था। राज्य ओपन बोर्ड के वर्तमान निर्देशानुसार उन विषयों की परीक्षा में छात्रों को पुनः सम्मिलित होना होगा।
7. कक्षा 12वीं प्लेन योजना अंतर्गत प्रवेश लेने वाले छात्रों की पूर्व मण्डल की अंकसूची में विज्ञान, गणित, सामाजिक विज्ञान अनिवार्य विषय होना अनिवार्य है।
8. डाक से भेजे जाने वाले आवेदन में सत्यापित अंकसूची, आधार कार्ड, मेनुअल आवेदन होना अनिवार्य है।

नोटः- सामान्यतः उपरोक्त त्रुटियां/कमीया आवेदन पत्र में पाई जाती है जिसके कारण राज्य ओपन बोर्ड को डाटा भेजने में देरी होती है। आगामी परीक्षा में इस प्रकार की त्रुटियां होने पर परीक्षा आवेदन पत्र निरस्त कर दिया जाएगा जिसकी सूचना नहीं दी जाएगी. इसकी संपूर्ण जिम्मेवारी छात्र/अध्ययन केन्द्र की होगी।

संलग्न : परीक्षा शुल्क का विवरण, विषय सूची एवं मेनुअल आवेदन पत्र का प्रारूप।

आगामी परीक्षा हेतु परीक्षा आवेदन भरने एवं भेजने हेतु महत्वपूर्ण तिथियाँ

ऑनलाइन आवेदन करने की तिथि 20 जनवरी 2025 से 31 मार्च 2025
ऑनलाइन आवेदन मैं संशोधन 10 अप्रैल 2025 तक
ऑनलाइन आवेदन सह पत्रों सहित 15 अप्रैल 2025 तक कार्यालय मदरसा बोर्ड को प्राप्त होना अनिवार्य है।

परीक्षा प्रभारी
म.प्र. मदरसा बोर्ड,
भोपाल

सचिव
म.प्र. मदरसा बोर्ड,
भोपाल

# म.प्र. मदरसा बोर्ड भोपाल

## हाई स्कूल एवं हायर सेकण्डरी नवीन परीक्षा शुल्क सत्र दिसम्बर 2021 से प्रभावशील

| योजना का नाम | शुल्क | फार्वर्डिंग शुल्क | पोर्टल शुल्क | कुल शुल्क | योजना का नाम | शुल्क | फार्वर्डिंग शुल्क | पोर्टल शुल्क | कुल शुल्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| हाई स्कूल सम्पूर्ण विषय | 1700/- | 500/- | 60/- | 2260/- | हायर सैकेण्डरी सम्पूर्ण विषय | 1800/- | 500/- | 60/- | 2360/- |
| हाई स्कूल क्रेडिट एक विषय | 600/- | 250/- | 60/- | 910/- | हायर सैकेण्डरी क्रेडिट एक विषय | 700/- | 250/- | 60/- | 1010/- |
| हाई स्कूल क्रेडिट दो विषय | 800/- | 250/- | 60/- | 1110/- | हायर सैकेण्डरी क्रेडिट दो विषय | 900/- | 250/- | 60/- | 1210/- |
| हाई स्कूल क्रेडिट तीन विषय | 1000/- | 250/- | 60/- | 1310/- | हायर सैकेण्डरी क्रेडिट तीन विषय | 1100/- | 250/- | 60/- | 1410/- |
| हाई स्कूल आंशिक एक विषय | 600/- | 150/- | 60/- | 810/- | हायर सैकेण्डरी आंशिक एक विषय | 700/- | 150/- | 60/- | 910/- |
| हाई स्कूल आंशिक दो विषय | 800/- | 150/- | 60/- | 1010/- | हायर सैकेण्डरी आंशिक दो विषय | 900/- | 150/- | 60/- | 1110/- |
| हाई स्कूल आंशिक तीन विषय | 1000/- | 150/- | 60/- | 1210/- | हायर सैकेण्डरी आंशिक तीन विषय | 1100/- | 150/- | 60/- | 1310/- |
| हाई स्कूल आंशिक चार विषय | 1200/- | 150/- | 60/- | 1410/- | हायर सैकेण्डरी आंशिक चार विषय | 1300/- | 150/- | 60/- | 1510/- |
| हाई स्कूल पूर्व क्रेडिट एक विषय | 350/- | 50/- | 60/- | 460/- | हायर सैकेण्डरी पूर्व क्रेडिट एक विषय | 350/- | 50/- | 60/- | 460/- |
| हाई स्कूल पूर्व क्रेडिट दो विषय | 600/- | 50/- | 60/- | 710/- | हायर सैकेण्डरी पूर्व क्रेडिट दो विषय | 600/- | 50/- | 60/- | 710/- |
| हाई स्कूल पूर्व क्रेडिट तीन विषय | 800/- | 50/- | 60/- | 910/- | हायर सैकेण्डरी पूर्व क्रेडिट तीन विषय | 800/- | 50/- | 60/- | 910/- |
| हाई स्कूल पूर्व क्रेडिट चार विषय | 1100/- | 50/- | 60/- | 1210/- | हायर सैकेण्डरी पूर्व क्रेडिट चार विषय | 1100/- | 50/- | 60/- | 1210/- |
| हाई स्कूल पूर्व क्रेडिट पांच विषय | 1300/- | 50/- | 60/- | 1410/- | हायर सैकेण्डरी पूर्व क्रेडिट पांच विषय | 1300/- | 50/- | 60/- | 1410/- |
| हाई स्कूल प्लेन मौलवी | 2700/- | 500/- | 60/- | 3260/- | हायर सेकण्डरी प्लेन आलिम | 2800/- | 500/- | 60/- | 3360/- |
| हाई स्कूल मौलवी पूर्व क्रेडिट एक विषय | 350/- | 50/- | 60/- | 460/- | हायर सैकेण्डरी आलिम पूर्व क्रेडिट एक विषय | 350/- | 50/- | 60/- | 460/- |
| हाई स्कूल मौलवी पूर्व क्रेडिट दो विषय | 600/- | 50/- | 60/- | 710/- | हायर सैकेण्डरी आलिम पूर्व क्रेडिट दो विषय | 600/- | 50/- | 60/- | 710/- |
| हाई स्कूल मौलवी पूर्व क्रेडिट तीन विषय | 800/- | 50/- | 60/- | 910/- | हायर सैकेण्डरी आलिम पूर्व क्रेडिट तीन विषय | 800/- | 50/- | 60/- | 910/- |
| हाई स्कूल मौलवी पूर्व क्रेडिट चार विषय | 1100/- | 50/- | 60/- | 1210/- | हायर सैकेण्डरी आलिम पूर्व क्रेडिट चार विषय | 1100/- | 50/- | 60/- | 1210/- |
| हाई स्कूल मौलवी पूर्व क्रेडिट पांच विषय | 1300/- | 50/- | 60/- | 1410/- | हायर सैकेण्डरी आलिम पूर्व क्रेडिट पांच विषय | 1300/- | 50/- | 60/- | 1410/- |
| हाई स्कूल मौलवी पूर्व क्रेडिट छः विषय | 1500/- | 50/- | 60/- | 1610/- | हायर सेकण्डरी आलिम पूर्व क्रेडिट छः विषय | 1500/- | 50/- | 60/- | 1610/- |
| हाई स्कूल मौलवी पूर्व क्रेडिट सात विषय | 1700/- | 50/- | 60/- | 1810/- | हायर सेकण्डरी आलिम पूर्व क्रेडिट सात विषय | 1700/- | 50/- | 60/- | 1810/- |
| हाई स्कूल मौलवी पूर्व क्रेडिट आठ विषय | 1900/- | 50/- | 60/- | 2010/- | हायर सेकण्डरी आलिम पूर्व क्रेडिट आठ विषय | 1900/- | 50/- | 60/- | 2010/- |
| हाई स्कूल मौलवी पूर्व क्रेडिट नो विषय | 2100/- | 50/- | 60/- | 2210/- | हायर सेकण्डरी आलिम पूर्व क्रेडिट नो विषय | 2100/- | 50/- | 60/- | 2210/- |

सम्मिलित विषय में प्रायोगिक विषय का चयन शुल्क रू. 350/- + (50 forwarding + 60 portal)
परीक्षा आवेदन पत्र में संशोधन शुल्क रू. 100/- प्रति फार्म (विषय परिवर्तन छोडकर)
विषय परिवर्तन प्रति विषय शुल्क रू. 100/-
विषय परिवर्तन एवं संशोधन शुल्क हेतु पोर्टल चार्ज रू. 60/- प्रति फार्म

प्रभारी परीक्षा
म. प्र. मदरसा बोर्ड, भोपाल

सचिव, मध्य प्रदेश मदरसा बोर्ड

9. मदरसा बोर्ड के इम्तेहानात के मज़मून (विषय सूची)

हाई स्कूल मज़मून लिस्ट:-

| विषय कोड | विषय | कुल अधिकतम अंक | पूर्णांक सैद्धांतिक | न्यूनतम उत्तीर्णांक सैद्धां. | पूर्णांक प्रायो. | न्यूनतम उत्तीर्णांक प्रायो. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 401 | उर्दू | 100 | 100 | 33 | - | - |
| 402 | हिन्दी | 100 | 100 | 33 | - | - |
| 403 | अंग्रेजी | 100 | 100 | 33 | - | - |
| 404 | अरबी | 100 | 100 | 33 | - | - |
| 406 | तर्जुमा-तफसीर कुरआन | 50 | 50 | 17 | - | - |
| 407 | हदीस, उलूमे हदीस | 50 | 50 | 17 | - | - |
| 408 | फिका इस्लामी | 50 | 50 | 17 | - | - |
| 409 | तारीखे इस्लाम | 50 | 50 | 17 | - | - |
| 410 | गणित | 100 | 100 | 33 | - | - |
| 411 | विज्ञान | 100 | 75 | 25 | 25 | 08 |
| 412 | सामाजिक विज्ञान | 100 | 75 | 33 | | |
| 413 | अर्थशास्त्र | 100 | 100 | 33 | - | - |
| 414 | वाणिज्य | 100 | 100 | 33 | - | - |
| 415 | गृह विज्ञान | 100 | 75 | 25 | 25 | 08 |

हायर सेकण्डरी मज़मून लिस्ट:-

| विषय कोड | विषय | कुल अधिकतम अंक | पूर्णांक सैद्धांतिक | न्यूनतम उत्तीर्णांक सैद्धां. | पूर्णांक प्रायोगिक | न्यूनतम उत्तीर्णांक प्रायो. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 501 | उर्दू | 100 | 100 | 33 | - | - |
| 502 | अंग्रेजी | 100 | 100 | 33 | - | - |
| 503 | हिन्दी | 100 | 100 | 33 | - | - |
| 504 | अरबी | 100 | 100 | 33 | - | - |
| 506 | तर्जुमा-तफसीर कुरआन | 50 | 50 | 17 | - | - |
| 507 | हदीस, उलूमे हदीस | 50 | 50 | 17 | - | - |
| 508 | फिका इस्लामी | 50 | 50 | 17 | - | - |
| 509 | तारीखे इस्लाम | 50 | 50 | 17 | - | - |
| 510 | गणित | 100 | 100 | 33 | - | - |
| 511 | रसायन विज्ञान | 100 | 75 | 25 | 25 | 08 |
| 512 | जीव विज्ञान | 100 | 75 | 25 | 25 | 08 |
| 513 | भौतिक | 100 | 75 | 25 | 25 | 08 |
| 514 | अर्थशास्त्र | 100 | 100 | 33 | - | - |
| 515 | वाणिज्य | 100 | 100 | 33 | - | - |
| 516 | लेखांकन | 100 | 100 | 33 | - | - |
| 517 | भूगोल | 100 | 100 | 33 | - | - |
| 518 | इतिहास | 100 | 100 | 33 | - | - |
| 519 | राजनीति विज्ञान | 100 | 100 | 33 | - | - |
| 520 | गृह विज्ञान | 100 | 75 | 25 | 25 | 08 |

☆☆☆☆

परीक्षार्थी का नवीनतम प्रमाणित फोटो अध्ययन केन्द्र संचालक के हस्ताक्षर व सील

परीक्षार्थी के हस्ताक्षर

# مدھیہ پردیش مدرسہ بورڈ

(حکومت مدھیہ پردیش کا ادارہ)

"تعلیم گھر" اسلامی گیٹ، تپلی گھر، شاہ جہاں آباد، بھوپال

*(योजनाः सामान्य / क्रेडिट / अंशतः क्रेडिट / पूर्व क्रेडिट)*

सत्र ..............................

वर्ष 20..............

छात्र स्कालर क्र. ..............

☐ हाई स्कूल ہائی اسکول

☐ हायर सेकण्डरी ہائر سیکنڈری

नोटः– जिस परीक्षा में सम्मिलित होना है उसके सामने वाले बाक्स में सही (✓) का निशान लगाइये।

मान्यता प्राप्त अध्ययन केन्द्र का कोड .................................................. تسلیم شدہ تعلیمی مرکز کوڈ نمبر

अनुक्रमांक (यदि म.प्र. मदरसा बोर्ड के पूर्व के छात्र हों तो) ☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐ رول نمبر:

छात्र का नाम.................................................. ۱- نام امیدوار (اردو میں)

☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐ (انگریزی کے بڑے حروف میں)

पिता का नाम.................................................. ۲- ولدیت (اردو میں)

☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐ (انگریزی کے بڑے حروف میں)

माता का नाम.................................................. ۳-والدہ کا نام: (اردو میں)

☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐ (انگریزی کے بڑے حروف میں)

जन्म तिथि अंको में ☐☐☐☐ سال वर्ष ☐☐ ماہ माह ☐☐ تاریخ तिथि ۴-تاریخ پیدائش: (ہندسوں میں)

शब्दों में.................................................. (عبارت میں)

पता.................................................. ۵-رہائش/ڈاک کا مکمل پتہ:

मोबाइल नम्बर ☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐ موبائل نمبر पिन कोड ☐☐☐☐☐☐ پن کوڈ

विषय का नाम / कोड

۱ ☐☐☐ .................... ۲ ☐☐☐ .................... ۶-مضمون کا نام/کوڈ:

۳ ☐☐☐ .................... ۴ ☐☐☐ ....................

۵ ☐☐☐ ....................

मौलवी / आलिम कोड

۱ ☐☐☐ .................... ۲ ☐☐☐ .................... مولوی/عالم کوڈ:

۳ ☐☐☐ .................... ۴ ☐☐☐ ....................

## घोषणा – पत्र

(परीक्षार्थी एवं अध्ययन केन्द्र द्वारा)

हम संयुक्त रुप से कथन / प्रमाणित करते है कि आवेदन पत्र में भरी गई जानकारी बोर्ड द्वारा जारी निर्देशों एवं विवरणिका को भली भांति समझ कर अंकित की गयी है। हमारे द्वारा अंकित जानकारी एवं आवेदन के साथ अपलोड / संलग्न किए गए दस्तावेज बोर्ड द्वारा मिलान करने पर संदेहास्पद अथवा कूटरचित पाये जाते हैं तो इसकी पूर्ण जिम्मेदारी हमारी होगी। आवेदन में कमी पाए जाने पर आवेदन निरस्त कर परीक्षा शुल्क वापस / समायोजित न करने एवं कानूनी कार्यवाही करने का अधिकार सचिव मदरसा बोर्ड को होगा। मदरसा बोर्ड की परीक्षाएँ उर्दू माध्यम में आयोजित होंगी। छात्र को उर्दू पढ़ने एवं लिखने का पूर्ण ज्ञान है इसकी तसदीक की जाती है।

अध्ययन केन्द्र संचालक का नाम : ..............................................

अध्ययन केन्द्र कोड क्रमांक : ..............................................

नाम अध्ययन केन्द्र व फोन न. : ..............................................

अध्ययन केन्द्र संचालक की सील व हस्ताक्षर : ..............................................

हस्ताक्षर परीक्षार्थी

नाम ..............................